हेनरी और यंग का कहर टूटा टीम इंडिया पर

भारतीय बल्लेबाजों का शर्मनाक प्रदर्शन, हेनरी और यंग ने दिलाई न्यूजीलैंड को 244 रनों से जीत

माउंट मोनगानुई। विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर छह विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर तीन विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया। नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही






जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था। गिल के टेस्ट श्रृंखला की तैयारी करने के लिए इस मैच में नहीं खेलने के कारण पारी का आगाज करने वाले रुतुराज गायकवाड (05) शुरू से संघर्ष करते हुए नजर आए और उन्होंने जल्द ही काइल जैमीसन की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच दे दिया जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर नौ रन हो गया। इसके बाद ईशान किशन (27) और अक्षर पटेल (21) ने पांचवें विकेट के लिए 44 रन जोड़कर कुछ देर तक विकेट गिरने का क्रम रोका लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी सिमटने में देर नहीं लगी। इन दोनों के अलावा केवल नमन धीर (21) ही दोहरे अंक में पहुंचे। उन्होंने भारत की तरफ से दोनों छक्के लगाए। इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को निशाने पर रखा तथा उन पर एक छक्का और दो चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने औकिब नबी पर लगातार दो चौके जड़े। दूसरी तरफ यंग ने धीमी शुरुआत की और उन्हें लगातार दो गेंदों पर जीवनदान मिला। जब वह पांच रन पर थे तब नबी की गेंद पर पहले पहली स्लिप में रोहित शर्मा ने उनका कैच छोड़ दिया जबकि अगली गेंद पर विकेटकीपर ईशान किशन कैच लेने में नाकाम रहे। यंग ने इसका पूरा फायदा उठाया। बराड़ ने सीफर्ट को किशन के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई जिन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद यंग ने आक्रामक रवैया अपनाया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिये।



अय्यर ने पिच पर फोड़ा हार का ठीकरा



माउंट मोनगानुई। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने शुक्रवार को चौथे वनडे में न्यूजीलैंड के हाथों मिली 244 रन की करारी हार का ठीकरा पिच की प्रकृति मे बदलाव पर फोड़ते हुए कहा कि पहले यह बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी लेकिन बाद में इससे तेज गेंदबाजों को मदद मिलने लग गई थी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सभी विकेट खोकर 333 रन बनाए लेकिन भारत की बल्लेबाजी बुरी तरह लड़खड़ा गई और पूरी टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने 27 रन देकर छह विकेट लिए। वनडे में पहली बार भारत की कप्तानी कर रहे अय्यर ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि इसे स्वीकार करना मुश्किल है लेकिन दोनों पारियों की विकेट में बहुत बड़ा अंतर था। अय्यर ने कहा,लेकिन हेनरी ने जिस तरह से पहली गेंद से ही सही जगहों पर गेंदबाजी की, उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं।

दीप्ति आईसीसी की प्लेयर ऑफ द मंथ खिलाड़ी बनी



नयी दिल्ली । भारतीय महिला हरफनमौला दीप्ति शर्मा को अक्टूबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाली दीप्ति ने दूसरी बार यह पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने इस दौड़ में बांग्लादेश की शोभना मोस्तारी और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़ा। दीप्ति ने आईसीसी की ओर से जारी बयान में कहा,आईसीसी महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार जीतकर मैं खुश हूं। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला हमारे लिए शानदार रही। शतक लगाना मेरे लिए बेहद खास पल था और टीम की जीत में योगदान देने से इसकी खुशी और बढ़ गई। दीप्ति ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 और वनडे दोनों प्रारूपों में अहम योगदान दिया। उन्होंने रायपुर में पहले टी-20 मुकाबले में 49 रन की तेजतर्रार पारी खेली। उस समय भारतीय टीम 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। उनकी पारी से भारत को जीत मिली। पूरी टी-20 श्रृंखला में उन्होंने दो विकेट लिए और भारत ने 3-0 से सूपड़ा साफ किया एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में भी उन्होंने दो विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया।

पाक से हिसाब बराबर करने उतरेगा भारत


अंडर-19 एशिया कप का फाइनल आज

अल अमेरात (ओमान) । भारत को अगर नौवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीतना है तो उसे मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसमें आर्यवीर सहवाग और ईशान सूद जैसे खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी। पिछले साल पाकिस्तान ने भारत को 151 रन से हराकर अपना दूसरा खिताब जीता था। भारतीय टीम की निगाह उस हार का बदला चुकता करने और नौवीं बार ट्रॉफी जीतकर अपने रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर होगी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अब तक चार मैचों में 101 के औसत से 303 रन बनाए हैं, जिसमें



एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। वह अब तक टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। मजबूत कद-काठी वाले तेज गेंदबाज सूद ने अपनी तेज गति का अच्छा इस्तेमाल करते हुए चार मैचों में 11 विकेट लिए हैं और भारत की गेंदबाजी उन पर काफी निर्भर है। लेकिन इन दोनों के अलावा कप्तान लक्ष्य रायचंदानी, विकेटकीपर बल्लेबाज अन्वय द्रविड़, मध्य क्रम के बल्लेबाज अर्जुन राजपूत और वीके विनीत जैसे खिलाड़ियों ने अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखाई है। रायचंदानी और राजपूत ने हालांकि एक-एक अच्छी पारियां खेली हैं। राजपूत ने जहां ग्रुप चरण में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया था, वहीं रायचंदानी ने अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में 93 रन की शानदार पारी खेली थी। इस मैच में विनीत ने भी अर्धशतक बनाया था। जहां तक भारतीय गेंदबाजी का सवाल है तो अभी तक सूद ने ही अधिकांश जिम्मेदारी संभाली है। सूद को स्पिनरों राजपूत और मनल चौहान से और अधिक सहयोग की जरूरत होगी। इन दोनों ने अभी तक पांच-पांच विकेट लिए हैं, लेकिन उनमें से तीन विकेट एक ही मैच में आए हैं। पाकिस्तान के लिए उस्मान खान (238 रन) और तेज गेंदबाज रिजवानुल्लाह (11 विकेट) शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। लीग चरण में भारत के खिलाफ शतक लगाने वाले हमजा जहूर फिर से अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक होंगे।रिजवानुल्लाह के अलावा पाकिस्तान के पास मोहम्मद सैयाम (08 विकेट) और अली रजा (06 विकेट) जैसे अच्छे गेंदबाज भी हैं।

विश्व कप से पहले लचर बल्लेबाजी ने बढ़ा दी गंभीर की चिंता



माउंट मोनगानुई। न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां चौथे वनडे में भारतीय टीम के महज 89 रन पर सिमटने से मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता बढ़ गई है क्योंकि यहां की परिस्थितियां अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप जैसी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को 244 रन की करारी शिकस्त के बाद गंभीर ने माना कि कम स्कोर से ज्यादा चिंता की बात यह है कि भारतीय टीम बहुत जल्दी आउट हो गई। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले इस कमजोरी को दूर करना जरूरी है। गंभीर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जब आपकी टीम 90 रन के आसपास के स्कोर पर सिमट जाती है तो चिंता होना स्वाभाविक है। मैं चिंतित क्यों नहीं होऊंगा? यहां की परिस्थितियां विश्व कप में मिलने वाली परिस्थितियों के काफी करीब होंगी। उन्होंने कहा, बड़ी चिंता रन बनाने की नहीं, बल्कि यह है कि हम महज 26-27 ओवर में ही ऑलआउट हो गए। यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 333 रन बनाए थे। इसके जवाब में मैट हेनरी की छह विकेट की शानदार गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम 26.4 ओवर में ही आउट हो गई। भारत को पिछले मुकाबले में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। बारिश से प्रभावित मैच में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 111 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे। इन लगातार झटकों के बाद गंभीर ने स्विंग होती गेंदों का सामना करने के लिए तकनीकी और मानसिक तैयारी दोनों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड में शुरुआती 10 ओवर बल्लेबाजी के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण होते हैं। इसके विपरीत भारत में आमतौर पर पारी का शुरुआती दौर बल्लेबाजी के लिए सबसे आसान माना जाता है।

अर्जुन-द्रोणाचार्य पुरस्कार पाकर खिले खिलाड़ियों के चेहर

उत्तर प्रदेश के अरविंद को मिला अर्जुन अवार्ड

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में खिलाड़ियों और कोचों को अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जिससे वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद मिले इस सम्मान से खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धियों पर खुशी जताने के साथ भविष्य के बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प भी दोहराया। डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर, शतरंज ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती और हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी के लिए यह सम्मान खास रहा। इनके अलावा बधिर निशानेबाज धनुष श्रीकांत और पैरा निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को भी अर्जुन पुरस्कार दिया गया। कोच नेहा चव्हाण और छोटे लाल यादव को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस साल किसी खिलाड़ी को खेल रत्न का पुरस्कार नहीं दिया गया। देश में इससे पहले 2014 में किसी खिलाड़ी को खेल रत्न पुरस्कार नहीं दिया गया था। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खबरा गांव निवासी ओलंपियन रोइंग खिलाड़ी अरविंद सिंह को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के तहत अर्जुन अवर्ड से सम्मानित किया गया। वर्तमान में भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर तैनात अरविंद सिंह ने अंतरराष्ट्रीय स्तर



पर रोइंग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के खेल प्रेमी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरविंद को इकाना स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में ओलंपिक के पदक विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों के साथ नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया था। अरविंद ने ओलंपिक के बाद हांगझोऊ में 2023 में आयोजित एशियन गेम्स में अर्जुन लाल जाट के साथ लाइटवेट डबल स्कल्स में रजत पदक जीता था।

हरमनप्रीत के 'वैक्स स्टेच्यू' का अनावरण

जयपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जयपुर में अपने वैक्स स्टेच्यू (मोम के पुतले) का अनावरण किया और इसे अपने लिए गर्व का पल बताया। नाहरगढ़ के हिस्टॉरिका म्यूजियम की ओर से तैयार किए गए इस वैक्स स्टेच्यू को अब आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर हरमनप्रीत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का पल है। उन्होंने पहली बार अपने इस पुतले को देखा और इसे बनाने वाले लोगों का आभार जताया। आयोजकों के अनुसार हरमनप्रीत की उपलब्धियों को सम्मान देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। गौरतलब है कि हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवंबर 2025 को महिला एक दिवसीय विश्व कप का खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जयपुर वैक्स म्यूजियम ने उनका मोम का पुतला बनाने की घोषणा की थी।

लक्ष्य सेमीफाइनल में



कुमामोतो (जापान)। भारत के अनुभवी खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। हाल में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग में 64,980 अंकों के साथ 12वें स्थान पर हैं। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने विश्व में 10वें नंबर के फरहान के खिलाफ अभी तक दो मैच खेले हैं जिनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।



बेंगलुरु ने लखनऊ को हराया



आज खेल समाचार सेवा

लखनऊ। डब्लूपीवीएल सीजन-1 के तहत इकाना इंटरनेशनल इंडोर स्टेडियम में आयोजित महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन बेंगलुरु थंडर और लखनऊ शाही के बीच मुकाबला हुआ। इसमें बेंगलुरु थंडर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लखनऊ शाही को 3-0 से हरा दिया। मुकाबले से पहले बेंगलुरु थंडर की कोच प्रीति सिंह के नेतृत्व में टीम की 13 सदस्यीय खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। मैच शुरू होने पर दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन बेंगलुरु की खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और प्रदर्शन के दम पर जीत दर्ज की। मैच के बाद बेंगलुरु थंडर के चेयरमैन कुँवर अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि टीम की इमर्जिंग प्लेयर भूमि को 10 हजार रुपये का चेक दिया गया। वहीं, अनाघा राधाकृष्णन को प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने पर आयोजकों की ओर से इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की गई। कुँवर अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया की जीत में बियर्डमैन का छक्का

पर्थ। युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने वनडे पदार्पण मैच में छह विकेट लेकर इतिहास रचा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। बियर्डमैन ने 24 रन देकर छह विकेट झटके और वनडे पदार्पण पर ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले गेंदबाज बन गए। उनकी शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 159 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सभी विकेट खोकर 131 रन बनाये जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 132 रन बना लिये। इस मुकाबले से पहले पूरे सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला पर वर्ष 2018 के चर्चित सैंडपेपरगेट विवाद (रेगमाल से गेंद की सतह को खुरचने का मामला) की दोबारा चर्चा हावी रही।

एयरफोर्स, पीएनबी और पेट्रोलियम की जीत

आज खेल समाचार सेवा

लखनऊ। 44वें अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू प्राइजमनी पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए तीन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल दिखाया। एयरफोर्स ने रोमांचक मुकाबले में जीएसटी चेन्नई को 4-3 गोल से हराया, जबकि पेट्रोलियम ने बीएसएफ को 4-2 और पीएनबी ने दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) को 3-1 गोल से शिकस्त दी। मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, गोमतीनगर में खेले जा रहे टूर्नामेंट में तीनों मैचों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दिन का पहला मुकाबला पूल ए में पेट्रोलियम और बीएसएफ के बीच खेला गया। पेट्रोलियम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बीएसएफ ने 12वें मिनट में जर्सी नंबर चार के खिलाड़ी अमरबीर सिंह के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन पेट्रोलियम ने 18वें मिनट में सुदीप चिरमाको के गोल से बराबरी कर ली। इसके बाद



तलविंदर सिंह ने 30वें मिनट में दूसरा गोल दागकर टीम को 2-1 की बढ़त दिलायी। इसी क्रम में 33वें मिनट में पेट्रोलियम की ओर से सुनील यादव ने पेनॉल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला,वहीं 49वें मिनट में सुदीप ने पेनॉल्टी कार्नर के अवसर को गोल में बदल दिया। खेल के अंतिम क्षणों 55वें मिनट में बीएसएफ की ओर से विलसन ने पेनॉल्टट कार्नर के अवसर को गोल में बदलकर टीम का स्कोर 2-4 किया मगर तब तक काफी समय हो चुका था, बचे समय में गोल के लिए संघर्ष हुआज खेल समाप्ति तक पेट्रोलियम ने 4-2 गोल से जीत हासिल कर ली। दूसरे मुकाबले में एयरफोर्स ने जीएसटी चेन्नई को 4-3 गोल से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। पूल डी के इस मुकाबले में जीएसटी चेन्नई ने तीसरे मिनट में काबिलन पी के पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल से बढ़त बनाई। एयरफोर्स ने नौवें मिनट में मनीप कारकेट्टा के मैदानी गोल से बराबरी की।